प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 09.09.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जमशेदपुर में 15 सितंबर को प्रधानमंत्री के आगमन की तैयारियों का लिया जायजा, कहा–हर गरीब को छत देना प्रधानमंत्री का संकल्प।
2. प्रदेश भाजपा विधानसभा चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा दोपहर बाद आएंगे रांची, बहाली दौड़ में मृत अभ्यर्थियों के परिवार से करेंगे मुलाकात।
3. झारखंड में आज मार्क्सवादी समन्वय समिति का भाकपा माले में होगा विलय, धनबाद में आयोजित विलय एकता रैली में दोनों दलों के नेताओं का जुटान
4. भारतीय मुक्केबाज दीपाली थापा ने पहली एशियाई स्कूली छात्रा चैंपियन बनकर रचा इतिहास ।

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 15 सितंबर को झारखंड आगमन को लेकर तैयारियां तेज हो गई है। केंद्रीय कृषि मंत्री और झारखंड भाजपा के विधानसभा चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने जमशेदपुर में प्रधानमंत्री के सरकारी कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने स्टेशन परिसर के प्लेटफार्म नंबर एक के साथ बिस्टुपुर स्थित गोपाल मैदान का भी निरीक्षण किया। श्री चौहान ने पत्रकारों को बताया कि 15 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वंदे भारत ट्रेन के साथ राज्य को विकास की कई सौगात देंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 3 करोड़ पीएम आवास बनाने का संकल्प लिया है।

****

केंद्रीय कोयला एवं खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने धनबाद के दौरे के बाद कहा कि लोगों की समस्याओं के निदान पर गंभीरता से विचार किया जाएगा। श्री दुबे ने दावा किया कि झारखंड में होने वाले विधानसभा चुनाव में इस बार राज्य की जनता बदलाव का मन बना चुकी है।

****

असम के मुख्यमंत्री और झारखंड भाजपा चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा आज दोपहर बाद दो दिवसीय दौरे पर रांची आएंगे। वे उत्पाद सिपाही दौड़ में मृत अभ्यर्थियों के परिजनों से मिलने ओरमांझी और नामकुम उनके घर जाएंगे।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 29 सितंबर को आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में विचार साझा करेंगे। लोग 27 सितंबर तक कार्यक्रम के लिए सुझाव भेज सकते हैं।

****

चतरा जिले में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में गरीबों के लिए वरदान साबित हो रही है।

****

झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर राज्य में राजनीतिक हलचल बढ़ गई है। झारखंड की मार्क्सवादी समन्वय समिति का विलय भाकपा माले के साथ हो रहा है। इसे लेकर आज धनबाद के गोल्फ ग्राउंड में दोनों दलों की सामूहिक विलय एकता रैली आयोजित की जा रही है। वहीं 10 और 11 सितंबर को मैथन में दोनों पार्टियों के नेताओं की सामूहिक बैठक आयोजित होगी, जिसमें आने वाले चुनाव को लेकर रणनीति और सीट शेयरिंग पर

चर्चा होगी। मासस के नेता और निरसा के पूर्व विधायक अरूप चटर्जी ने कहा कि आज सभी वामदलों को एक होना समय की जरूरत है।

****

लोगों की शिकायत और समस्याओं का त्वरित और प्रभावी निष्पादन के लिए झारखंड पुलिस की ओर से कल से जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसी के तहत कोडरमा में तीन जगह पर जन शिकायत समाधान शिविर लगेगा। एसपी अनुदीप सिंह ने आम लोगों से शिकायतों को पुलिस के समक्ष लिखित और मौखिक रूप में रखने की अपील की है।

इधर साहिबगंज के सभी थाना क्षेत्र में इस शिविर के प्रति लोगों को जागरुक करने के लिए जगह जगह माइकिंग की जा रही है। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस को जनता के करीब लाने और छोटे छोटे विवादों को थाना स्तर से ही समाधान करने का प्रयास किया जाएगा।

****

बोकारो जिला के चतरोचट्टी थाना क्षेत्र के मुरपा गांव में पति के साथ विवाद के बाद एक महिला अपने चार बच्चों के साथ कुएं में कूद गई। इस घटना में तीन बच्चों की मौत हो गई, जबकि मां और एक बच्ची को ग्रामीणों द्वारा बचा लिया गया।

****

फ्रांस के पेरिस में भव्य समारोह के साथ पैरालिंपिक्स खेल कल रात सम्पन्न हो गए। इन पैरालिंपिक खेलों में भारत ने असाधारण खेल का प्रदर्शन करते हुए सात स्वर्ण, नौ रजत और 13 कांस्य सहित कुल 29 पदक जीते। पदक तालिका में भारत 18वें स्थान पर रहा। अगले पैरालिंपिक खेल 2028 में लॉस एंजिलिस में होंगे।

****

भारतीय खिलाडी नवदीप सिंह ने पेरिस पैरालिंपिक की भाला फेंक स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने का श्रेय कठिन परिश्रम और धैर्य को दिया है।

****

भारतीय मुक्केबाज दीपाली थापा ने संयुक्त अरब अमीरात के अल ऐन में पहली एशियाई स्कूली छात्रा चैंपियन बनकर इतिहास रचा है। भारत ने एशियाई चैंपियनशिप में 15 में से सात महिला खिताब जीते।

****